**प्रेस नोट**

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**
**दिनांक- 01.09.2026**

- **थाना मूसानगर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आत्महत्या के दुष्प्रेरण की घटना में वांछित 03 अभियुक्तों (01 अभियुक्त व 02 अभियुक्ता) को 48 घन्टे के अन्दर किया गया गिरफ्तार ।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, थाना मूसानगर पर सूचना प्राप्त हुई थी कि सुशील उर्फ मंझले का शव गांव के पीछे जंगल में एक पेड़ से लटका हुआ है। पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर पूछताछ से ज्ञात हुआ कि दिनांक 07.08.2026 को अनुज पाल (मृतक सुशील उर्फ मंझले का भाई) पुत्र गोरेलाल निवासी वार्ड नं0 10 बाला जी धाम कस्बा मूसानगर कानपुर देहात द्वारा एक लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में थाना मूसानगर पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसमें अन्तिम रिपोर्ट दिनांक 17.08.2026 को मा0 न्यायालय प्रेषित की जा चुकी है। इसी बात को लेकर लड़की के परिवारीजनों द्वारा मृतक सुशील उर्फ मंझले पाल व उसके परिवारीजनों को गाली गलौज, जान से मारने की धमकी व छींटाकशी की जा रही थी। जिससे परेशान होकर सुशील उर्फ मंझले द्वारा आत्महत्या कर ली गयी । पुलिस द्वारा मृतक का नियमानुसार पंचायतनामा व पोस्टमार्टम की कार्यवाही करायी गयी तथा फॉरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल से साक्ष्य संकलन किया गया । प्रकरण के सम्बन्ध में आवेदिका श्रीमती शिवकान्ती पत्नी गोरेलाल निवासिनी वार्ड नं0 10 गौसंगज कस्बा व थाना मूसानगर की तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 89/2026 धारा 108/61(2) बीएनएस बनाम 1.महाजन पुत्र छोटेलाल सोनकर आदि निवासीगण किसान मोहल्ला कस्बा व थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात पंजीकृत किया गया । आज दिनांक 01.09.2026 को मुखबिर खास की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. महाजन पुत्र छोटेलाल सोनकर उम्र करीब 48 वर्ष 2. 02 नफर अभियुक्ता समस्त निवासीगण वार्ड नं0 10 किसान मोहल्ला गौसगंज कस्बा व थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण को नियमानुसार मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का नाम पता-**

1. महाजन पुत्र छोटेलाल सोनकर उम्र करीब 48 वर्ष
2. 02 नफर अभियुक्ता समस्त निवासी गण किसान मोहल्ला कस्बा व थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात ।

**आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0स0 89/2026 धारा 108/61(2) बीएनएस थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात ।

**गिरफ्तार करने वाली थाना मूसानगर पुलिस टीम -**

1. थानाध्यक्ष श्रीमती अमिता वर्मा
2. उ0नि0 श्री लक्ष्मी प्रसाद सिंह

3. म0हे0का0 305 नेहा सिंह
4. रि0म0का0 1398 दीप्ति